राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार • 28 मार्च • 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

सीबीएसई कम्प्यूटर साइंस व आईपी के पेपर रहे आसान

नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं के परीक्षार्थी इंफोमैटिक्स प्रैक्टिस और कम्प्यूटर साइंस के पेपर से रुबरु हुए। दोनों ही पेपर आसान थे, जिससे परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों राहत महसूस की। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की दोनो विषयों की सब्जेक्ट एक्सपर्ट तरविन्दर कौर ने कहा कि पेपर आसान था और परीक्षार्थियों का पेपर काफी अच्छा हुआ है। केवल इंफर्मेटिक्स प्रैक्टिस के पेपर में कुछ लॉजिकल प्रश्न थे। इंफर्मेटिक्स प्रैक्टिस कुल 70 अंको का था। पेपर में 10 अंको की नेटवर्किंग, 30 अंको का एसक्यूएल, पांच अंको का आईटी एप्लिकेशन और 25 अंको का जावा पर आधारित प्रश्न पूछे गये थे। परीक्षार्थी भूमिका, कार्तिक व अनु ने बताया कि पेपर काफी आसान था और अच्छे नंबर आएंगे। इसी प्रकार कम्प्यूटर साइंस का पेपर भी 70 अंको का था। इसमें 10 अंको का नेटवर्किंग, आठ अंको का एसक्यूएल, 8 अंको एल्जेब्रा और 34 अंको का पायथन या सी प्लस पर सवाल आए थे। परीक्षार्थी अभिषेक और अर्जुन ने बताया कि पेपर काफी अच्छा हुआ है। ■ एनएसबी